Bharat Temples

श्याम पधारे हैं हमारे घर श्याम पधारे हैं

श्याम पधारे हैं हमारे घर श्याम पधारे हैं
खुशी जहाँ की मिली आज तो जागे भाग हमारे है
श्याम पधारे हैं..................

लीले पे चढ़के भक्तों के घर आये
मुरझाये मन की बगिया के फूल सभी हर्षाये
जग के रखवारे हैं हमारे घर श्याम पधारे हैं
श्याम पधारे हैं ....

बंद किस्मत का करे फैसला मोरछड़ी लेहरके
ना मानो तो एक बार देखो खाटू नगरी जाके
हारे के सहारे हैं हमारे घर श्याम पधारे हैं
श्याम पधारे हैं ....

मेरा मन ऐसे नाचे ज्यूँ मोर नाचता वन में
लखदातार खुशी बरसाए भक्तों के आँगन में
गूंजे जैकारे है हमारे घर श्याम पधारे हैं
श्याम पधारे हैं ....

आज जगी तक़दीर हमारी संकट मिट गए सारे
चाकर किशन चाकरी करके हो जाए वारे न्यारे

सब जानन हारे हैं हमारे घर श्याम पधारे हैं
श्याम पधारे हैं ....

Source:
https://www.bharattemples.com/shayam-padhaare-hai-hamare-ghar-shyam-padhaare-hai/

Complete Bhajans Collections - Download Free Android App
https://play.google.com/store/apps/details?id=com.numetive.bhajans

Facebook: https://www.facebook.com/bharattemples/
Telegram: https://t.me/bharattemples
Youtube: https://www.youtube.com/channel/UC24oJCxZJyhhKzSUD-Lt9Tw